समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# चीन-पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी ! भारत बना रहा है 5 मैक की स्पीड वाली हाइपरसोनिक मिसाइल, पलक झपकते तबाह होंगे दुश्मन ।

Publisher Published on 19 May 2025



## भारत की रक्षा ताकत मे ऐतिहासिक छलांग, हाइपरसोनिक युग की तैयारी ।

**भारत** अब उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा हो गया है जो **हाइपरसोनिक मिसाइल** तकनीक विकसित कर रहे हैं। **DRDO (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन)** के वरिष्ठ वैज्ञानिक और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व **प्रमुख डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा** ने हाल ही में जानकारी दी कि भारत ने मैक **5 स्पीड (6120 किमी/घंटा)** से अधिक रफ्तार वाली हाइपरसोनिक मिसाइल के इंजन का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

क्या कहा डॉ. सुधीर मिश्रा ने ? "हमने दो-तीन हफ्ते पहले हाइपरसोनिक इंजन का टेस्ट किया है और जल्द ही हाइपरसोनिक मिसाइल भी दुनिया के सामने लाने वाले हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि इस मिसाइल में ऐसी क्षमता होगी जिससे चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के बड़े शहरों को कुछ ही मिनटों में तबाह किया जा सकता है।

**हाइपरसोनिक मिसाइल की खासियते**

| **विशेषता** | **विवरण** |
|---|---|
| अधिकतम स्पीड | मैक 5 (6120 किमी/घंटा) या उससे अधिक |
| दिशा बदलने की क्षमता | हवा में अपनी दिशा बदल सकती है |
| एयर डिफेंस सिस्टम से बचाव | निचली ऊंचाई और तेज गति की वजह से अजेय |
| लॉन्चिंग तकनीक | स्वदेशी तकनीक से विकसित, दुनिया का सबसे बड़ा लॉन्चर |

**ब्रह्मोस से मिली प्रेरणा, अब हाइपरसोनिक अगला पड़ाव**

१. DRDO द्वारा विकसित **ब्रह्मोस मिसाइल** को दुनिया का सबसे पावरफुल और सटीक हथियार माना जाता है।

२. ब्रह्मोस के बाद अब भारत **हाइपरसोनिक हथियार प्रणाली** में कदम रख रहा है।

३. ब्रह्मोस की तरह हाइपरसोनिक मिसाइल भी **प्रत्येक टारगेट पर अचूक वार** करने में सक्षम होगी।

### गुणवत्ता पहले, लागत बाद मे: DRDO का मंत्र

१. डॉ. मिश्रा ने कहा कि DRDO **एल1 (Lowest Bidder)** की बजाय **टी1 (Best Technical Bidder)** को प्राथमिकता देता है ताकि प्रदर्शन से कोई समझौता न हो।

२. "हमने **ब्रह्मोस, आकाश** और **अन्य स्वदेशी प्रणालियों** से भारतीय सेना को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाया है।"

### क्या होती है हाइपरसोनिक मिसाइल ?

**हाइपरसोनिक मिसाइले** वें मिसाइलें होती हैं जो **आवाज़ की गति से 5 से 25 गुना** तेज़ होती हैं।

इनकी ख़ासियतें हैं:

१. अविश्वसनीय स्पीड

२. दुश्मन के डिटेक्शन सिस्टम को चकमा देने की क्षमता

३. उच्चतम पिनपॉइंट सटीकता

४. रणनीतिक बढ़त

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.